# यूपीईएस ने वैश्विक साझेदारियों को दी मजबूती


- यूनिवर्सिटी आफ एडिनबर्ग और किंग्स कालेज लंदन के साथ एमओयू साइन

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

देहरादून।

यूपीईएस ने अपनी वैश्विक साझेदारियों को लगातार मजबूती देने में जुटा है। इसी कड़ी में विश्वविद्यालय ने यूनिवर्सिटी आफ एडिनबर्ग और किंग्स कालेज लंदन के साथ एमओयू साइन किया है। इससे एकडेमिक एक्सेलेंस को बढ़ावा और रिसर्च में इनोवेशन को प्रोत्साहन मिलेगा।

यूनिवर्सिटी आफ एडिनबर्ग के साथ एमओयू का उद्देश्य यूपीईएस के ग्लोबल पाथवे प्रोग्राम्स को मजबूत करना है। इसके तहत छात्रों को यूपीईएस में अपनी पढ़ाई का एक हिस्सा पूरा करने और फिर यूनिवर्सिटी आफ एडिनबर्ग में जारी रखने का अवसर मिलता है। यूपीईएस के छात्र विशेष स्कालरशिप के लिए पात्र होंगे। इसके अलावा छात्र यूपीईएस में अपनी बैचलर डिग्री पूरी करने के बाद यूनिवर्सिटी आफ एडिनबर्ग में सीधे मास्टर प्रोग्राम में प्रवेश लेने का विकल्प भी चुन सकते हैं। किंग्स कालेज लंदन के साथ साझेदारी में ज्वाइंट रिसर्च परियोजनाएं शामिल हैं। यूपीईएस के छात्रों को एक्सचेंज प्रोग्राम, समर स्कूलों और अन्य शैक्षिक अनुभवों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। इसके अलावा, आर्टिकुलेशन समझौतों के माध्यम से छात्रों को किंग्स कालेज लंदन में अपनी पढ़ाई जारी रखने का मौका मिलेगा।



एमओयू पर खुशी जताते विवि के पदाधिकारी।

यूपीईएस के वाइस चांसलर डा. राम शर्मा ने कहा साझेदारियां हमारी ग्लोबल एजुकेशनल यात्रा का अभिन्न हिस्सा हैं। अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के साथ जुड़ने का उद्देश्य नालेज के आदान-प्रदान, एकडेमिक एक्सेलेंस और परिवर्तनकारी अवसरों का एक जीवंत माहौल बनाना है। स्कूल आफ लॉ के डीन और अंतराष्ट्रीय मामलों के प्रमुख अभिषेक सिन्हा एमओयू पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि इससे छात्रों को वैश्विक स्तर पर पहचान बनाने व सीखने के अवसर उपलब्ध होंगे।